कार्यालय प्रधानाचार्य, सरोजिनी नायडू चिकित्सा महाविद्यालय, आगरा।

पत्रांकः छात्र/नान पी.जी.जू.रेजी./2026/228 दिनांकः 02/04/2026

विज्ञप्ति

एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा के निम्नलिखित विभागों में रिक्त नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेण्ट के पद पर 30 जून, 2026 अथवा इससे पूर्व महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ द्वारा अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अन्तर्गत नियुक्त/नामित अभ्यर्थी के ज्वाइन करने तक, जो भी पहले घटित हो, तक के लिये नियत वेतन रू0 63000.00/–प्रतिमाह पर निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

पदों का विवरण

क0 स0	विभाग का नाम	अनु0 जाति	अनु0 जनजाति	अ0पि0व0	ई.डब्लू.एस.	अनारक्षित	कुल योग
1	ऑर्थोपीडिक्स	01	-	01	01	-	03
2	ऑफ्थलमोलोजी	01	-	01	-	-	02
3	ऑब्स्टे0 एण्ड गायनेकोलोजी	-	01	-	-	-	01
4	एनेस्थीसिया	01	-	-	-	-	01
5	ई0एन0टी0	-	-	-	-	01	01
6	जनरल मेडिसिन	-	-	02	-	-	02
7	जनरल सर्जरी	01	-	02	-	-	03
8	टी0बी0 एण्ड सी0डी0	-	-	-	-	01	01
9	ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन	-	-	-	-	01	01
10	पीडियाट्रिक्स	01	-	01	-	01	03
11	स्किन एण्ड वी0डी0	-	-	01	-	01	02
12	साइकेट्री	-	-	01	-	01	02
	कुल योग	**05**	**01**	**09**	**01**	**06**	**22**

उपरोक्त पदों हेतु एम0सी0आई0/एन0एम0सी0 के मानकों के अनुरूप शैक्षिक अर्हता एम0बी0बी0एस0 आवश्यक है। अभ्यर्थियों का चयन उनके द्वारा एम0बी0बी0एस0 परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जायेगा तथा साक्षात्कार में कोई अंक नही दिये जायेंगे। जिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित योग्यता प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की है, उनको प्राप्तांक पर पूर्ण प्रतिशत मिलेगा एवं जिन अभ्यर्थियों ने उक्त परीक्षायें अटैम्प्ट के साथ उत्तीर्ण की है, उनका प्रति अटैम्प्ट एक प्रतिशत प्रति विषय कम कर दिया जायेगा। जिन अभ्यर्थियों ने किसी भी मेडिकल कॉलेज/चिकित्सा संस्थान में तीन वर्ष तक नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेण्ट के पद पर कार्य कर लिया है, उनके अभ्यर्थन पर विचार नही किया जायेगा। अभ्यर्थियों के चयन में आरक्षण उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार लागू है।

इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप कॉलेज की बेबसाइट **www.snmcagra.ac.in** से डाउनलोड कर एवं उसे पूर्ण कर समस्त संलग्नकों सहित **साक्षात्कार हेतु दिनांक** 09.04.2026 **दिन गुरूवार को प्रातः 10.30 बजे प्रधानाचार्य कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।** पदों की संख्या घट–बढ सकती है।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियॉ संलग्न करना अनिवार्य है एवं साक्षात्कार के समय मूल रूप में लाना अनिवार्य है।

1 हाईस्कूल प्रमाणपत्र 2. एम0बी0बी0एस0 की समस्त अंकतालिकाएं 3. इन्टर्नशिप कम्पलीशन सर्टिफिकेट 4. एम0बी0बी0सी0 अस्थाई/स्थायी डिग्री 5. एम0बी0बी0एस0 परमानेन्ट मेडिकल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट 6. अटैम्पट सर्टिफिकेट 7. आरक्षित श्रेणी का प्रमाणपत्र (ओ0बी0सी0 तथा ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के अभ्यर्थियों का प्रमाणपत्र 01 अप्रैल, 2025 के उपरान्त का होना अनिवार्य है)

प्रधानाचार्य,
एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।